<u>कोर्ट केस/शीर्ष प्राथमिकता</u>

<u>संख्या-1/1370/30-2-2013-68(रिट)/2013</u>

प्रेषक,

कुमार राघवेन्द्र सिंह,

अनु सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम,

उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 19 नवम्बर, 2013

विषय:-रिट याचिका संख्या-1313(एसएस)/2001 एवं सम्बद्ध अन्य 49 रिट याचिकाओं में पारित मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल के आदेश दिनांक 23-07-2013 के परिप्रेक्ष्य में परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कार्मिकों द्वारा प्रत्यावेदनों के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय में शासन के पत्र संख्या-रिट-98/30-2-2013, दिनांक 13 अगस्त, 2013 का सन्दर्भ ग्रहण करें।

2- परिवहन निगम, उत्तराखण्ड, नैनीताल के विभिन्न डिपो का सेवानिवृत्त कार्मिकों के प्रत्यावेदनों (कुल 06) के साथ विषयगत रिट याचिका संख्या-1313(एसएस)/2001 एवं सम्बद्ध अन्य 16 रिट याचिकाओं में पारित मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल के आदेश दिनांक 23-07-2013 की प्रति संलग्न कर शासन के निर्णयार्थ प्रेषित की गयी है।

3- कृपया मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल के आदेश दिनांक 23-07-2013 के अनुपालन में परिवहन निगम, उत्तराखण्ड, नैनीताल के विभिन्न डिपो के सेवानिवृत्त कार्मिकों के 06 प्रत्यावेदनों (सूची संलग्न) को मूल रूप प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रत्यावेदनों के समुचित निस्तारण में निमयानुसार आवश्यक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराया जाए।

4- इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि यदि शासन स्तर से कोई कार्यवाही अपेक्षित हो तो कृपया प्रस्ताव एवं संस्तुति शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक: यथोक्त।</u>

भवदीय

(कुमार राघवेन्द्र सिंह)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-1370/30-2-2013-68(रिट)/2013 का संलग्नक

क्र0सं0	प्रत्यावेदन का नाम	दिनांक
1	श्री कामता प्रसाद, से0नि0 कनिष्ट केन्द्र प्रभारी, रानीखेत डिपो।	-
2	श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व0 श्री खेमसिंह नेगी से0नि0 सहा0 विद्युतकार, हल्द्वानी डिपो।	-
3	श्रीमती कुन्ती देवी पत्नी स्व0 नन्दा सिंह मजदूर काठगोदाम डिपो।	-
4	श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व0 नारायण सिंह से0नि0 चालक, काठगोदाम डिपो।	-
5	श्री केसर सिंह पुत्र स्व श्री नारायण सिंह से0नि0 चालक हल्द्वानी डिपो।	-
6	श्री दुर्गा लाल साह से0नि0 चौकीदार, रानीखेत डिपो।	08-10-2013

http://shasanadesh.up.nic.in